## एक नजर में



### वाल्मीकि रामायण आदिकाव्य ही नहीं आदि इतिहास भी है

ग्वालियर। माधव महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर संस्कृत विभाग तथा व्यक्तित्व विकास,कौशल विकास,चेतना जागरूकता प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से अतिथि व्याख्यान एवं सहभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रामकथा वाचन विशेषज्ञ उपेंद्र शिरगांवकर ने अपनी बात भगवान श्रीराम एवं महर्षि वाल्मीकि की स्तुति के साथ प्रारंभ करते हुये कहा कि वाल्मीकि रामायण वास्तव में आदिकाव्य ही नहीं है बल्कि ये आदि इतिहास भी है। भगवान राम का चरित्र भारत की अवतारवाद की वह कड़ी है जिसे विश्व मंच पर भी समुचित सम्मान प्राप्त है। आयोजन की अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ.शिवकुमार शर्मा ने कहा कि वाल्मीकि एक ऐसे व्यक्ति थे जो सामान्य से विशेष की ओर बढ़े और यह सब सम्भव हुआ नारद मुनि जैसे संत के कारण। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय साहित्य की पृष्ठभूमि में निहित श्रीराम के चरित्र की महत्ता पर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. विकास शुक्ला ने,संचालन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मंदाकिनी शर्मा ने एवं आभार डॉ. संजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की ओर से मंच पर डॉ. योजना तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 23 संस्थाओं में लगाई गई एच.आर.पी.क्लिनिक

ग्वालियर - प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को जिले की 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ एच.आर.पी. क्लीनिक लगाकर गर्भवती माताओं की जांच की गई। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को शहरी एवं ग्रामीण की 24 सरकारी अस्पतालों में एच.आर. पी. क्लिनिक आयोजित की जाती है। इन क्लीनिकों पर 864 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई इनमें से 330 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी दी.

### दीपावली से पूर्व 9 जुआरियों को देहात पुलिस ने पकड़ा

ग्वालियर। डबरा कस्बा में आर.सी. ग्रीन गार्डन में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को थाना डबरा देहात पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों से 2 लाख 21 हजार 530 रूपये नगद और 11 मोबाइल, 12 गाड़िया, ताश की गड्डी जप्त की गई हैं। पूछताछ में जुआरियों ने अपने नाम विजय प्रातप गुर्जर पुत्र सुरेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी डबरा, बल्लू उर्फ राजेश कुमार जैन पुत्र बाबूलाल जैन उम्र 42 साल निवासी तिवारी फार्मा महावीरपुरा डबरा, विकास श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वर उम्र 32 साल निवासी चीनोर रोड डबरा हाल बल्ला का डेरा डबरा, दिनेश गुप्ता पुत्र रामफल उम्र 35 साल निवासी ठाकुर बाबा मंदिर रोड डबरा श्याम जैन पुत्र प्रम उम्र 35 साल निवासी जवाहरगंज डबरा, मनीष गुप्ता पुत्र श्री सुरेश चन्द्र उम्र 47 साल निवासी जवाहरगंज डबरा, राहुल गुप्ता पुत्र विहारीलाल उम्र 35 साल निवासी जवाहरगंज डबरा, जख्मीचन्द्र जैन पुत्र किशोरीलाल उम्र 45 साल निवासी मण्डी गेट डबरा, विश्वजीत जैन पुत्र श्याम उम्र 32 साल निवासी गंगापुरा डबरा बताये। पकडे गये जुआरियों के सामने फड़ से 2 लाख 21 हजार 530 रूपये नगद और 11 मोबाइल व एक ताश की गड्डी तथा पास में खड़ी जुआरियों की 12 गाड़ियों को जप्त किया गया। थाना डबरा देहात पुलिस द्वारा पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# शहर के बाजारों का हाल बेहाल, जिम्मेदारों के दावे फेल

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 9 अक्टूबर.** ग्वालियर शहर के तीनों उपनगरों में बाजारों का हाल बेहाल है जिम्मेदार अधिकारी दावे तो कई सुधार के करते हैं लेकिन हकीकत यह है कि बाजारों की स्थिति देखकर हर कोई यही कहता है कि अधिकारियों के सारे दावे फेल है। हजीरा क्षेत्र में हॉकर्स जोन बनाने की कई बार कोशिश होने के बावजूद हॉकर्स की शिफ्टिंग नहीं हो पाई। बाड़े से हॉकर्स हटाकर ट्रैफिक की बड़ी बाधा दूर करने का प्रयास भी नाकाम रहा। सदर बाजार मुरार में भी हॉकर्स की शिफ्टिंग के नाम पर खानापूर्ति होती रही नतीजा दीपावली का त्यौहार नजदीक आते आते तीनों उपनगर के बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं हैं।

**मुरार की स्थिती सबसे खराब**

उपनगर मुरार का चाहे सदर बाजार हो, ठंडी सड़क मुरार थाना से नदी पार टाल रोड हो या बारादरी चौराहा पूरा मुरार एक अस्त व्यस्त बाजार सा नजर आ रहा हैं। इन बाजारों की हालत यह हैं कि सदर बाजार में ठेले वाले सड़क घेरे रहते हैं और दुकानदारों के काउंटर भी बाहर रखे रहते हैं। जिस कारण बाजार की सड़कें जाम रहती हैं। बाजार में लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। इन ठेले वालों को शिफ्ट करने के लिए अधिकारियों से कई बार शिकायत की जाती हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इसी प्रकार थाना रोड और बारादरी चौराहे पर ठेले मुख्य सड़क घेरकर खड़े रहते हैं। जिस वजह से यहां वाहनों का जाम लगा रहता है। ताज्जुब की बात यह हैं कि यहॉ पुलिस के सिपाही खड़ें तो दिखते हैं लेकिन इन्हें हटाने का कार्य नही करते।




### हजीरा में सड़कों से नहीं हटे ठेले वाले

उपनगर ग्वालियर का प्रमुख बाजार हजीरा पर है और इस बाजार की दुकानें अंदर की तरफ हैं। लेकिन, मुख्य सड़क को ठेले घेरकर खड़े रहते हैं और इन ठेले वालों के कारण हजीरा-किलागेट, हजीरा-तानसेन रोड और हजीरा-मुरैना लिंक रोड सुबह से रात तक जाम बनी रहती है। इन ठेलों के लिए इंटक मैदान में तैयार हॉकर्स जोन को अत्याधुनिक बनाने के लिए जून में मप्र के खाद्य मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने निर्देश दिए। लेकिन वहां कुछ दुकानदार ही पहुंचे। ज्यादातर लोग सड़क और हजीरा चौराहे पर ही ठेला लगाए रहते हैं यही कारण है कि इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम ही लगा रहता है और दो पहिया और चार पहिया के साथ दूसरे वाहन दोपहर से रात तक जाम में ही फंसे रहते हैं।

### महाराज बाड़ा पर भी फुटपाथी बाजार का कब्जा

शहर के सबसे बड़े बाजार और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के केंद्र बिंदु महाराज बाड़े पर वाहन पार्किंग और वाहनों को निकाले जाने की सही व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी। जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ स्मार्ट सिटी अधिकारियों ने कई बार बाड़ा क्षेत्र का निरीक्षण किया। फिर व्यवस्था बनाने का दावा किया कि बाड़े को नो व्हीकल जोन बनाया जाएगा। जिसके लिए टेंपों और ऑटो की हद महाराज बाड़े से पहले रोके जाने के लिए तय की। लेकिन इलेक्ट्रिक रिक्शों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्थित वाहनों की पाकिर्ग से यहां की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। रही सही कसर बाड़े पर फुटपाथ बाजारियों द्वारा किए गए कब्जे से पूरी हो गई है।

## आजाद समाज पार्टी ने 15 को ग्वालियर में ईंट से ईंट बजाने की धमकी दी

**ग्वालियर 9 अक्टूबर.** सर्वोच्च न्यायालय के सीजेआई बीआर गवई पर हुए हमले ओर ग्वालियर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आजाद समाज पार्टी..भीम आर्मी ने 15 अक्टूबर को ग्वालियर में बड़ा आंदोलन करने और बहुजन समाज के महापुरुषों का अपमान करने वालों का मुंह काला और जूते की माला पहनाने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। बीते दिनों हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्रा द्वारा अंबेडकर को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज दलित संगठन और आजाद समाज पार्टी ने आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह ऐलान किया कि जो लोग बहुजन समाज के महापुरुषों को लेकर अपनी भाषा की मर्यादा को तोड़ेंगे तो उन्हें आजाद समाज पार्टी सबक सिखाने का काम करेगी।

## जेयू की जमीन पर बनी झुग्गी झोपड़ियों को हटाया,जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 अक्टूबर.** जीवाजी विश्वविद्यालय ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। भारत सरकार की परियोजना पीएम ऊषा के अंतर्गत जीवाजी विश्वविद्यालय में आभियांत्रिकी संस्थान के विस्तार का कार्य किया जाना है। निर्माण स्थल पर अतिक्रमणकारीयों द्वारा झुग्गी झोपडी बनाकर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। निर्माण कार्य को लेकर इंजीनियरिंग संस्थान के पास से झुग्गी झोपड़ियों और अन्य अस्थायी कब्जों को हटाया गया। साथ ही कैलाश नगर जमीन पर बने 65 से अधिक अवैध मकानों को हटाया जाना है यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्दी-जल्दी भवन निर्माण करना है ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री के हैं। आज की इस कार्रवाई में कुलगुरु एवं कुल सचिव सहित यंत्री विभाग लगभग 6 घंटे तक मौके पर खड़ा रहा।

जानकारी के अनुसार 2016 के सीमांकन में ही स्पष्ट हो चुका है कि कैलाश नगर में बने मकान जीवाजी विश्वविद्यालय की जमीन पर हैं।

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत जीवाजी विश्वविद्यालय को 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें नवीन निर्माण हेतु रू. 38.09 करोड़, रिनोवेशन हेतु 5.45 करोड़ ,इस्ट्रूमेंन्ट क्रय हेतु रू40.23 करोड़ एवं सोफ्ट कम्पोनेंट के लिए रू16.14 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।इस हेतु मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय में रू. 43.54 करोड़ के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया है।प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंर्तगत जीवाजी विश्वविद्यालय में 500 किलो लीटर 20 मीटर स्टेजिंग पानी की टंकी का निर्माण कार्य, विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों पर रूफटॉफ रेनवाटर प्यूरीफिकेशन एवं रीचार्जिग सिस्टम का निर्माण, विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संस्थान के विस्तार कार्य, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व अध्ययनशाला का विस्तार कार्य, 100 छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कार्य, विश्वविद्यालय के प्रबंध संस्थान का विस्तार कार्य, भौतिकी अध्ययनशाला का विस्तार कार्य एवं विश्वविद्यालय विभिन्न भवनों का रिनोवेशन कार्य किया जाएगा।

## 3 म.प्र. नेवल यूनिट एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 9 अक्टूबर.** 3 म.प्र. नेवल यूनिट द्वारा संचालित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रात:कालीन पी.टी. से हुआ, जिसमें सभी कैडिट्स, कैम्प कमांडेन्ट, सहायक एनसीसी अधिकारी तथा समस्त पीआई स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह के नाश्ते के उपरांत यूनिट के शिप मॉडलिंग प्रशिक्षक श्री एच.एस. चौहान ने कैडेटस को नौसेना के विभिन्न जहॉजो के बारे में बताया तथा उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया और शिप मॉडल के निर्माण की जानकारी दी

इसके पश्चात शिविर कमांडेन्ट, ले. कमांडर अखिल शर्मा द्वारा कैडेटस को संबोधित किया गया उन्होने एकता और अनुशासन, समय पालन और टीम भावना के महत्व पर प्रकाश डाला.



इसके बाद ए.एन.ओ. श्रीमती रितु भार्गव द्वारा सिविल अफेयर्स पर एक महत्वपूर्ण कक्षा आयोजित की गई, जिसमें नागरिक जीवन से जुडी विभिन्न प्रशासनिक व सामाजिक विषयों पर जानकारी दी गई। तत्पश्चात ए.एन.ओ. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा एनसीसी संगठन बिषय पर कक्षा ली गई जिसमें एनसीसी की संरचना, उद्धेश्य, और प्रशिक्षण की उपयोगिता पर विस्तृत रूप से बताया गया। सायंकालीन सत्र में कैडेटस ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया. शिविर में मुख्य रूप से से.ऑ. योगेश भदौरिया, से.ऑ मंजुला त्रिपाठी, थर्ड ऑ. योगेश कुमार, थर्ड ऑ. रितु भार्गव, थर्ड ऑ. आर.पी. सिंह एवं सी.आई. मुकेश कुमार, पी.ओ. अशोक, पी.ओ. विजय शर्मा, पी.आ. राकेश यादव, पी.आ. बाबूलाल शर्मा, पी.ओ. गौरव शर्मा, पी.ओ. शिवराज, पी.ओ. रूपेश गौतम एव पी.ओ संगजीत उपस्थित रहे।




| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gwalior: Tansen Marg** TIRUPATI BAJAJ-9522226003 • **OM Advance Bajaj,Nawab sahab ka kua,Shinde ki Chawani** 9109102382, **Om Advance,Ankita Towers,Naka Chandra Wadni,Sakhiya Vilas**-9109102385 **Om Advance bajaj,City Centre**-9109102384, **Om Advance bajaj,Jhansi Road Datia**-9109170765, **Morena** Kamadgiri BAJAJ 9329399165 • **Shivpuri** KK BAJAJ 9425156633 • **Bhind Shankar Motors** 8717894211.